हिन्दी मासिक





# माली सैनी सन्देश



निष्पक्ष, निडर, नीतियुक्त पत्रकारिता

• वर्ष : 8 • अंक 98 • 31 अगस्त, 2013 • मूल्य : 150/- वार्षिक

## जोधपुर रातानाड़ा स्थित कृष्ण मन्दिर में जन्माष्टमी की धूम






## राजस्थान के मुख्यमंत्री

# श्री अशोक गहलोत

## के विभिन्न कार्यक्रमों की झलकियां





राज्य सरकार द्वारा बुर्जगों के लिए धार्मिक यात्रा के लिए पहली गाड़ी में रवाना होने वाली बुर्जग माताएं श्री अशोक गहलोत को आशीर्वाद प्रदान करते हुए।



श्री अशोक गहलोत मंदिर परिसर में सामुदायिक हाल का उद्घाटन करते हुए साथ में है जेडीए चेयरमेन श्री राजेन्द्र सोलंकी, श्री ऊँकारराम कच्छवाहा अध्यक्ष अखिल भारतीय माली समाज संस्थान, पुष्कर



श्री अशोक गहलोत का स्वागत करते श्री ऊँकारराम कच्छवाहा अध्यक्ष अखिल भारतीय माली समाज संस्थान, पुष्कर




राजकीय महाविद्यालय, चेनपुरा, जोधपुर के प्रथम शैक्षणिक सत्र का उद्घाटन करते श्री अशोक गहलोत एवं उपस्थित जनसमूह



रक्षाबंधन के अवसर पर अपने संदेश में मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने कहा कि रक्षाबंधन का त्यौहार भाई-बहिन के बीच अपार स्नेह का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह त्यौहार हमें जीवन में अपने कर्तव्य, संकल्प एवं रिश्तों के प्रति प्रतिबद्धता के साथ सदैव तत्पर रहने की प्रेरणा देता है। रक्षाबंधन के अवसर पर मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत अपनी बहन श्रीमती विमला कच्छवाहा से राखी बंधवाई एवं आशीर्वाद लिया



राजीव गांधी डिजिटल कम्प्यूटर योजना के तहत छात्र- छात्राओं को लेपटॉप वितरित करते श्री अशोक गहलोत



RAJHIN 16445/20/1/2013-TC

# माली सैनी सन्देश

● वर्ष : 8 ● अंक 98 ● 31 अगस्त 2013 ● मूल्य : 150/- वार्षिक


सम्पादक मण्डल

संरक्षक :



श्रीमान रमेशचंद्र कच्छवाहा
(अध्यक्ष, जोधपुर ठेकेदार ऐसोसियेशन)
(अध्यक्ष, माली सैनी समाज सेवा समिति)

सह संरक्षक:



श्री ब्रह्मसिंह चौहान
(पूर्व पार्षद)

प्रेस फोटोग्राफर
जगदीश देवड़ा
(रितू स्टूडियों मो. 94149 14846)

मार्केटिंग इंचार्ज
रामेश्वर गहलोत
(मो. 94146 02415)

कम्प्यूटर
इरशाद ग्राफिक्स, जोधपुर
(मो. 7737651040)


पत्रिका में प्रकाशित विचार लेखकों के स्वयं के विचार है। किसी भी विचार के साथ सम्पादकीय सहमति का होना आवश्यक नहीं है। सभी प्रसंगों का न्यायिक क्षेत्र जोधपुर ही होगा।

## इस अंक में

### आवरण कथा

## सीखों संगठित हो कर संघर्ष करो– श्री भुजबल





महात्मा फूले की प्रतिमा का अनावरण
शिक्षा से राष्ट्र की उन्नति होगी
कर्नाटक माली समाज ने बनाया कृष्ण जन्मोत्सव
राष्ट्र निर्माण में युवाओं की अहम भूमिका– गहलोत
फुले के सन्मार्ग पर चलने का संकल्प
बालरंवा में 113 युवक युवतियों ने किया रक्तदान
सुन्दर 'मामा' लगातार तीसरी बार अध्यक्ष
छात्र संघ चुनावों में विभिन्न महाविद्यालयों में विजेता समाज के प्रत्याशी
हर्षोल्लास के साथ मनाई संत लिखमीदास जयंती
राजस्थान लघु उद्योग निगम के अध्यक्ष सुनिल परिहार का स्वागत
युवा सद्भावना के वाहक बनकर कार्य करें– गहलोत
जीवन परिचय : स्व. श्री रामस्वरूप हरलाल सांखला
जीवन परिचय : श्री गणपतराम सांखला
माली अशोक वर्मा संयोजक मनोनीत
समाजिक कार्यकर्ता माली ने भी जताई दावेदारी...
सैनी मोतीलाल (मोती बाबा फुले) सॉखला को बधाई
माली समाज कर्नाटक बेंगलोर (जेएसबी) की कार्यकारिणी का गठन
दाउद हनीफ पिनारा फाउण्डेशन ने किया आचार्य जी को सम्मानित
महात्मा ज्योतिबा फुले एकीकरण मंच के पदाधिकारियों को बधाई
समाज के छात्रों ने शिक्षा के क्षेत्र में फहराया परचम
मुकुल की राजस्थान में 42वीं रैंक
ज्योति बा तेरी...
विविध समाचार

# सम्पादक की कलम से ...



# समय का महत्व.........

समय का हमारे जीवन से क महत्वपूर्ण रिश्ता है। जब मनुष्य का जन्म होता है, तब से समय सदैव उसके साथ बना रहता है उसके अंत समय पर ही उसके साथ उसका समय समाप्त हो जाता है। यद्यपि मनुष्य जन्म लेते है और मर जाते है, परन्तु समय निरंतर अपनी धूरी पर चलता ही रहता है। वह शांत निश्चल भाव से बिना किसी भेदभाव के निरंतर गति से चलता रहता हैं समय का कार्य मात्र वर्षो व दिनों को दर्शान तक ही सीमित नहीं है। वह यह भी दिखाता है कि हमने अपने जीवन में काल में उसका (समय) सदुपयोग किया है या सदुपयोग। इस संसार में इस समय अरबों की संख्या में मनुष्य रहते है पर उनमें से कुछ ही समय का सदुपयोग कर उन्नति प्राप्त करते है सभी मनुष्यों के लिए यह संभव नहीं होता क्योंकि वे अपने समय का मूल्य न जानकर उसका सदुपयोग नहीं कर पाते और उनका अपव्यय करते हैं वे अपने सम्पूर्ण जीवन में इसी दुख से पीड़ित रहते है कि उन्होंने समय पर कुछ नहीं किया। अब पछताए होत क्या जब चिड़िया चुग गई खेत। यदि समय को सही तरह से व्यवस्थित किया जाये तो अपने जीवन को एक नई दिशा दी जा सकती है। ऐसे कई उदाहरण हम स्वयं के जीवन में देख सकते है जब एक क्षण की देरी से हमें कई महत्वपूर्ण अवसरों पर हाथ धोना पड़ा हो। हमें चाहिए कि हम समय का सदुपयोग करें। हर कार्य को निश्चित समय अवधि पर या पहले समाप्त करे ताकि बचे हुए समय में हम अपने अन्य कार्यो को पूरा कर सके। तालिका बनकर विभिन्न कार्यो को करने के लि समय निश्चित करे ओर उसी कार्य तालिका के अनुसार कार्य को कार्यन्वित करें।

यदि हम समय को सम्मान देंगे तो वह बदले में उतना ही फल देगा। हमारा मुख्य उद्देश्य होना चाहिए की बर्बादी पर रोक। अपने जीवन में हमें समय का पाबंद बनना चाहिए। एक विद्यार्थी के जीवन में समय का बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान होता है। उसका एक एक पल उसके द्वारा व्यवस्थित होना चाहिए। उसे अपने खाने पीने खेलने पढने सोने आदि के लिए एक तालिका का निर्माण करना आवश्यक है। यदि हम अपने समय को व्यवस्थित न कर उससे यूं ही बर्बाद करते रहेंगे तो कभी भी अपनी परीक्षा संबंधी तैयारी समय पर समाप्त नहीं कर पायेगा और फलस्वरूप उसे परीक्षा में असफलता हाथ लगेगी इसी बात पर रहीमजी ने कहा है –

समय लाभ सम लाभ नहिं, समय चूक सम चूक।
चतुरन चित रहिमन लगी, समय चूक की हूक ।।

अर्थात वही लोग जीवन में उन्नति व विकास कर पाते है जो अपने समय का मूल्य पहचानते है। हमें समय की मांग के अनुसार अपने समस्त कार्यो को पूरा करना चाहिए। एक पल को भी व्यर्थ नहीं जाने देना चाहिए। विद्यार्थी काल से ही समय की उपयोगिता पर ध्यान देकर अपने कार्यो को किया जाये तो समय सम्पूर्ण जीवन में हमारे विपरीत न जाते हुए हमारे समकक्ष चलने लगता है। एक पेड़ निश्चित समय पर फूल व फल देता है और उसके पक जाने पर उसे गिरा देता हैं दूसरी तरफ मनुष्य अपने जीवन काल में बचपन, यौवन, वृद्धावस्था तक आ जाता है यह सब समय के होने व उसके व्यतीत होने का प्रमाण है कि समय कभी किसी के लिए नहीं ठहरता बल्कि अपनी गति से चलता रहता है। हमें इस बात को सदैव गांठ बांधकर रख लेना चाहिए कि गया हुआ समय कभी लौटकर नहीं आता। यदि इस बात को स्मरण कर समय का सदुपयोग किया जाये तो सदैव उन्नति व विकास हमारे कदम चूमेगी। समय की कद्र यही हमारा गुरूमंत्र होना चाहिए। हमें अपने जीवन में समय के महत्व को समझते हुए इसका उपयोग करना चाहिए।



**मनीष गहलोत**
प्रधान सम्पादक

सवित्रीबा ज्योतिराव फुले ट्रस्ट (पंजीकृत) का चतुर्थ वार्षिक सम्मेलन

# सीखों संगठित हो कर संघर्ष करो– श्री भुजबल




नई दिल्ली। सवित्रीबा ज्योतिराव फुले ट्रस्ट (पंजीकृत) का चतुर्थ वार्षिक सम्मेलन दिनांक 25 अगस्त, 2013 को ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री श्रीपाल सैनी की अध्यक्षता में सैनी भवन प्रांगण, मंगोलपुरी औद्योगिक क्षेत्र फेस-1, दिल्ली में आयोजित किया गया।

ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी श्री अर्जुन सिंह सैनी ने समरोह में उपस्थित होने वाले गणमान्य व्यक्तियों की सूची जारी करते हुए बताया कि समारोह में श्री छगन भुजबल, सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं सार्वजनिक उपक्रम एवं पर्यटन मंत्री, महाराष्ट्र इस सम्मेलन के मुख्य अतिथि थे। सम्मेलन में श्री नागमणी, पूर्व केन्द्रीय मंत्री श्री रामसिंह सैनी, पूर्व मंत्री, उत्तर प्रदेश, श्री राजकुमार सैनी, पूर्व मंत्री हरियाणा, बाबू देवनारायण प्रसाद, कानून मंत्री, बिहार, श्री सी. पी. सिन्हा, मंत्री बिहार, डॉ. कैलाश कुमुद पूर्व मंत्री, महाराष्ट्र, हरिसिंह सैनी, पूर्व मंत्री हरियाणा, गुरदयाल सिंह सैनी, पूर्व सांसद, श्री मनोज शौकीन, विधायक, मुण्डक, डॉ. बिजेन्द्र सिंह, विधायक, नांगलोई, चौधरी इन्द्रराज सैनी, पूर्व अध्यक्ष, ऑल इंडिया सैनी समाज उपस्थित थे।

सम्मेलन सरस्वती वंदना एवं दीप प्रजवलन से शुभारंभ हुआ। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में पधारें श्री छगन भुजबल ने सैनी भवन प्रांगण में स्थापित महात्मा ज्योतिराव फुले एवं माता सावित्रीबा फुले की मूर्तियों का अनावरण किया।

इस मौके पर सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री छगन भुजबल ने याद किया कि महात्मा ज्योतिराव फुले ने प्रथम महिला स्कूल स्थापित कर आज के संदर्भ में अपनी दूरदर्शिता से भविष्य की जरूरतों को जान लिया था। उन्होंने गुलामी पर एक पुस्तक लिखी जिसका अनुवाद कर वर्तमान में निग्रों लोगों के लिये अमेरिका के राष्ट्पति बराक ओबामा को भेंट किया गया। यह पुस्तक उस काल के सामन्ती लोगों द्वारा गरीब और लाचार लोगों को गुलाम बनाकर उनके मौलिक अधिकारों से वंचित रखे जाने पर लिखी गई थी।

महिला शक्तिकरण पर बोलते हुए श्री भुजबल ने कहा स्वयं माता सावित्रीबा फुले ने महात्मा ज्योतिराव फुले से शिक्षा ग्रहण की। इस दौरान अनेकों अपमान और अत्याचार सहते हुए शिक्षा ग्रहण कर प्रथम महिला स्कूल की स्थापना कर महिलाओं के लिये रास्ते खोल दिये थे।

श्री छगन भुजबल ने महात्मा ज्योतिराव फुले के समानता के सिद्धान्त को याद करते हुए कहा वे सही रूप में महात्मा थे और उनमें भविष्य की जरूरत को भांपने की क्षमता थी। अन्य पिछड़े वर्ग के अधिकारों का समर्थन करते हुए उन्होंने कहा कि पिछड़ों को उनकी जनसंख्या के अनुपात में सही आरक्षण मिलना चाहिये। अलबता आज भी उनको आरक्षण मिलने के बाद भी कानूनी पचड़ों में फंसाकर कानूनी रूप से मिले अधिकारों से वंचित किया जा रहा है।

उन्होंने लोगों का आव्हान करते हुए उन्होंने नारा दिया कि 'सीखो, संगठित हो जाओ, और संघर्ष करो।' संघर्ष हमें आपस में नहीं करना है, संघर्ष हमें उनके साथ करना है जो गरीबों, दलितों और पिछड़े लोगों के अधिकारों को छीनने का काम करते हैं। जहां जहां गरीब को कुचला जाता है, उसका हक मारा जाता है वहां वहां चाहें इस देश में या उस देश में हमारी लड़ाई निरन्तर जारी रहेगी। हमारे सिर पर बर्फ की सिल्ली और सिने में आग है, इन परिस्थितियों में भी हमारा संघर्ष निरन्तर जारी रहेगा।

इस अवसर पर ट्रस्ट के संस्थापक ट्रस्टियों में से एक श्री महाबीर सैनी ने मुख्य अतिथि के बारे में अभिनन्दन भाषण में ओबीसी के राष्ट्रीय नेता श्री छगन भुलबल को पिछड़ों के अधिकारों की रक्षा के लिये उनके प्रयासों की प्रशंसा की।

सम्मेलन में राजस्थान के पूर्व मंत्री श्री राजेन्द्र गहलोत, जागृति मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मोतीबाबा फूले के साथ ही दिल्ली के अलावा अन्य प्रदेशों से समाज के बुद्धिजीवियों ने भाग लिया। समारोह में समाज के विकास व भविष्य में समाज सुधार के लिए किए जाने वाले प्रयासों की भी व्यापक चर्चा की गई।



# महात्मा फूले की प्रतिमा का अनावरण

दिल्ली। सैनी समाज सेवा समिति बैहरोड़ द्वारा महात्मा जोतीराव फुले की प्रतिमा का अनावरण समारोह का आयोजन सैनी सभा भवन में हुआ।

आयोजन के मुख्य अतिथि श्री अशोक गहलोत मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार ने महात्मा जोतीराव फुले की प्रतिमा का अनावरण किया और इस अवसर पर कहा कि महात्मा जोतीराव फुले तथा सावित्री बाई फुले ने समाज में फैली कुरीतियाँ समाप्त करने सबको शिक्षित करने का अभियान प्रारम्भ किया था। उनके आदर्शो पर हमें चलना है। उन्होंने राजस्थान सरकार द्वारा जनहित की योजनाओं की जानकारी दी।

समारोह के विशिष्ट अतिथि श्रीपाल सैनी राष्ट्रीय अध्यक्ष ऑल इन्डिया सैनी सेवा समाज, श्रीमति कमलेश सैनी सभापति जिला परिषद् अलवर, श्री सतबीर सिंह सैनी उपाध्यक्ष हरियाणा फुटबाल एसोसिएशन, डॉ, करन सिंह यादव उपाध्यक्ष बिसुका अध्यक्षता श्री भगवान सहाय सेनी विधायक चौमू ने की।

श्री श्रीपाल सैनी ने कहा कि शिक्षा ही मनुष्य को राष्ट्र की उन्नति में सहायक होती हे। महात्मा फुले हमारे समाज के गौरव थे। समारोह में भंवर जितेन्द्र सिंह भारत सरकार, श्री अशोक तंवर प्रभारी काँग्रेस पार्टी, श्रीमति श्वेता तथा दिल्ली से आये हुए अतिथि श्री राजकुमार सैनी महासचिव मा. श्री महाबीर सैनी संस्थापक जोतिबा महात्मा फुले ट्रस्ट, श्री जय भगवन सैनी श्री अमित सैनी उपस्थित थे।

श्री अमीलाल सैनी संयोजक आयोजन समिति तथा अध्यक्ष सैनी समाज द्वारा यह यादगार सम्मेलन सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया।

# शिक्षा से राष्ट्र की उन्नति होगी

दिल्ली। सैनी समाज सभा कुरूक्षेत्र द्वारा सचांलित सैनी पब्लिक स्कूल के नए भवनका उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि श्री रणदीप सुरजेवालामंत्र लोकनिर्माण एवं उद्योग हरियाणा सरकार, विशिष्ट अतिथि श्रीपाल सैनी राष्ट्रीय अध्यक्ष आलँ इन्डिया सैनी समाज, अध्यक्षा प्राफेसर कैलाशो सैनी पूर्व सांसद थे।

अतिथियों द्वारा महात्मा फुले एवं महाराजा शूरसैनी क चित्र पर माल्यार्पण किया तथा चनारथल रोड़ पर नए स्कूल भवन का फीता काटकर उद्घाटन किया।

श्री सुरजेवाला ने कहा कि सैनी समाज कड़ा परिश्रम करके राष्ट्रों की सेवा कर रहा है, कुरूक्षेत्र के इस नए स्कूल भवन में पढ़ने वाले विद्यार्थीयों का जीवन स्तर ऊँचा उठेगा। उन्होंने रू. 11,00,000/- राशि प्रदान करने की घोषणा की, तथा स्कूल आने वाले रोड़ का नाम महात्मा जोतीराव फुले रोड़ रखने की घोषणा की।

विशिष्ट अतिथि श्रीपाल सैनी ने कहा कि शिक्षा ही मनुष्य को राष्ट्र की उन्नति में सहायक होती है। हमारा प्रयास भी रोजगार मूलक शिक्षा दिलाने का है। स्कूल भवन में उन्होंने रू. 250,000/- राशि प्रदान की।

श्रीमति कैलाशो देवी सैनी ने समाज की उन्नति के लिए कार्य करने की जानकारी दी। और महात्मा जोतीराव फुले, सावित्री बाई फुले की शिक्षा के सम्बन्ध में प्रकाश डाला।

समारोह में पूर्व मंली बलबीर सिंह सैनी, विधायक रादौर श्री बिशनलाल सैनपी, पूर्व मंत्री राजकुमार सैनी, ऑल इन्डिया सैनी सेवा समाज के महासचिव राजकुमार सैनी, मीडिया सेक्रेट्री सैनी रामनारायण चौहान, विधि सलाहकार एड रमेश सैनी कार्यालय सचिव राजेश सैनी, पंजाब हरियाणा प्रभारी ओ.पी.सैनी. राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र कुमार सैनी। महिला विंग की अध्यक्ष श्रीमति शशी सैनी, पूर्व पार्षद अमर सिंह सैनी आदि उपस्थित थे।

सैनी समाज सभा के प्रधान बलजीत सिंह सैनी शिक्षा समिति प्रधान, सचिव रचन सिंह सैनी, ने अतिथियों को प्रतीक चिन्ह भेंट किए तथा विद्यालय निर्माण में दानदाताओं का सम्मान किया। हरियाणा प्रदेश के गुरनाम सिंह सैनी, श्री हवसिंह सैनी रोहतक, रमेश सैनी करनाल, ने सम्बोधित किया। समारोह में विद्यालय के छात्र-छात्राएं, अध्यापक गण, पालकगण भारी संख्या में उपस्थित थे। श्री मायाराम सैनी सचिव ने संचालन किया।

# कर्नाटक माली समाज ने बनाया कृष्ण जन्मोत्सव





माली (सैनी) समाज कर्नाटक बेंगलोर (रजि.) के तत्वाधान में पैलेस ग्राऊण्ड स्थित किंग्स कोर्ट में दो दिवसीय श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ, प्रथम दिवस भजन सन्ध्या का आयोजन हुआ जिसमे भजन गायको ने भजनो की प्रस्तुती दी, चढ़ावो की बोलीयो का आयोजन किया गया। द्वितीय दिवस स्वागत समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें सामुहिक सहयोग के चढ़ावे के लाभार्थी दुदाराम सोलंकी, लालाराम गहलोत, अशोक सुंदेशा, शंकरलाल सांखला, जोगाराम सांखला, ओबाराम परिहार, भरत परिहार, तलाराम सोलंकी, भलाराम गहलोत, मोबताराम गहलोत का साफा एवं माला पहनाकर समाज के अध्यक्ष धनश्याम साँखला, उदयराम बागड़ी, कालुराम भाटी, थानाराम भाटी, सोहनलाल चौहान, पारसमल तंवर ने अभिनन्दन किया। इस अवसर पर दुबई प्रवासी जगदीश माली, केनरा बैंक के सीनीयर मैनेजर रूपेश सांखला, बेलगाम के वरिष्ठ समाजसेवी मनोहर भाटी का साफा एवं माला पहनाकर अभिनन्दन किया, कार्यक्रम में चढ़ावो के लाभार्थी एवं समान के वरिष्ठ जनो का भी अभिनन्दन किया गया। इस अवसर पर समाज के भूतपूर्व अध्यक्ष-भंवरलाल तंवर, मंत्री-टिकमचन्द परमार, पुखराज सोलंकी, वरदीचन्द देवडा उपस्थित रहे। माली (सैनी) युवा संगठन ने सम्पूर्ण कार्यक्रम की व्यवस्था संभाली, युवा संगठन के अध्यक्ष उत्तम पंवार, सरंक्षक, अमीत बागडी, मंत्री-माणक चौहान, उपाध्यक्ष-महेन्द्र बागड़ी, सह सचिव-अशोक तंवर, कोषाध्यक्ष-भूपेन्द्र बागडी, कार्यकारिणी प्रमुख-रमेश कच्छवाह, सलाहकार-प्रकाश परमार, सांस्कृतिक मंत्री-रूपेश सोलंकी एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



**माली समाज कर्नाटक बैंगलोर की नव निर्वाचित कार्यकारिणी एवं पदाधिकारी**




# राष्ट्र निर्माण में युवाओं की अहम भूमिका- गहलोत

## मुख्यमंत्री ने किया हरित राजस्थान अभियान का शुभारम्भ

जोधपुर। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भोपालगढ़ कार्यक्रम के दौरान उपस्थित युवओं को आव्हान किया कि वे युवाी पीढ़ी के प्रेम शांति सदभाव और राष्ट्रीय एकता का संचार करने के लिए राष्ट्र पिता महात्मा गांधी के जीवन मुल्यो व आदर्शो का आत्मक्षात करते हुए समाज सेवा का संकल्प ले और जरूरत मंद लोगों की सेवा करे। ये बात मुख्यमंत्री ने भोपालगढ़ उपखण्ड मुख्यालय के सत्य एवं अहिंसा मार्ग स्थित सामाजिक संगठन राजीव गांधी युवा क्लब के महात्मा गांधी सेवा सदन में हरित राजस्थान अभियान के तहत पौधरापण कर राजीव गांधी युवा क्लब द्वारा संचालित गतिविधीयों का अवलोकन किया एवं क्लब द्वारा ग्रामीण महिलाओं का नि: शुल्क सिलाई व अन्य तकनीकी प्रशिक्षण पाने वाली महिलाओं को सिलाई मशीनें प्रदान कर उपस्थित जन समुह एवं युवाओ को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बचपन में की हुई समाज सेवा एवं रचनात्क कर्यो से श्रम की प्रतिष्ठा होती है जो जीवन भर साथ चलती हे।

मुख्यमंत्री ने सामाजिक कार्यकर्ता एवं राजीव गांधी युवा क्लब के संस्थापक अध्यक्ष शिवकरण सैनी के कार्यो के प्रशंसा करते हुए कहा की सेवा भावना रखने वाले युवा कामयाब होते है। उन्होंने कहा कि आज जरूरत है युवा पीढ़ी का रचनात्मक कार्यो से जोड़ने की पुर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने युवा शक्ति से जो कल्पना की थी वो साकार होती दिख रही है। आज जरूरत है की ग्रामिण युवाओं को सुचना एवम तकनीकी के युग में रचनात्मक सोच के साथ देश को समृध बनाने के लिए आगे आना चाहिए।

इस अवसर पर प्रदेश कॉग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. चन्द्रभान, पाली सांसद ब्रद्रीराम जाखड़, जिला प्रमुख श्रीमती दुर्गा देवी बलाई, राजसिको चेयरमैन सुनील परीहार, जिला कलेक्टर गौरव गोयल, नेहरू युवा केंद्र के जिला समन्वयक एस.एच.जोशी राजीव गांधी युवा क्लब के संस्थापक अध्यक्ष शिवकरण सैनी, सरपंच धापु देवी भाटी सहित हजारों लोग मौजूद थे।

# फुले के सन्मार्ग पर चलने का संकल्प



बालाघाट (मध्यप्रदेश)। जिला मरारी समाज के पूर्व सचिव एंव मध्यप्रदे । पिछड़ा वर्ग अधिकारी कर्मचारी संघ बालाघाट के जिला अध्यक्ष उमेश पंचेवर ने अपने 45 वे जन्म दिवस पर महात्मा ज्योतिबा फुले एंव महात्मा सावित्री बाई फुले को समर्पित करते हुए फुले द्वारा बताए गए सत्य शोधक समाज के सन्मार्ग पर चलने एंव खुले विचार धारा के प्रचार प्रसार करने की प्रतिज्ञा ली।

श्री उमेश पंचेवर ने अपने जन्म दिवस के अवसर पर मरार माली ,सैनी , कुशवाहा, साख्य समाज के सभी सरकारी एंव गैर सरकारी अधिकारी कर्मचारियों को आमंत्रित करते हुए महात्मा फुले मंगल भवन में एक सादा समारोह आयोजित कर अपने जन्म दिवस को सामाजिक चिंतन शिविर के रूप में आयोजित किया , चिंतन शिविर में शिशुओं एंव किशोर के बौद्धिक विकास, विधार्थी एंव युवा तरूण में नेतृत्व गुणो का विकास, सामाजिक चिंतन हेतु प्रबोधन शिविर तथा समाज विकास के लिए आर्थिक नियोजन हेतु फंड उपलब्ध कराने के विक्षय पर चर्चा एंव सुझाव रखे गये।

श्री उमेशा पंचेवर द्वारा अपना जन्म दिवस को फुलेजी को समर्पित करने एंव सामाजिक चिंतन एंव शिविर के आयोजन करने पर सभी उपस्थित सामाजिक अधिकारी ,कर्मचारी एंव मित्रगणो एंव रिश्तेदारों ने उन्हे आत्मीयता के साथ बधाई दी तथा समाज को नई दिशा देने का प्रयास बताया।

**सहनशीलता तथा कर्तव्य भावना के आधार पर ही परिवार एक रहता है।**

# बालरवां में 113 युवक युवतियों ने किया रक्तदान

नवयुवक मण्डल बालरवां एवं भारत सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन बालरवा के राजीव गांधी सेवा केन्द्र में किया गया। नवयुवक मण्डल बालरवां के अध्यक्ष एवं युवा कांग्रेस औसियां महासचिव सांवरलाल परिहार व भारत सेवा संथान के प्रभारी श्री नरपतसिंह कच्छवाह ने बताया कि शिविर का उदघाटन रामस्नेही संत श्री रामप्रसाद जी महाराज ने किया जिसमें 113 युवक व युवतियों ने उत्साह से रक्तदान किया। शिविर में जोधपुर परिवहन अधिकारी नवल किशोरजी राठौड भारत सेवा संस्थान के टस्टी श्री जसवंतसिंह कच्छवाह औसियां के प्रधान, पुर्व प्रधान, जैसलमेर बीसुका उपाध्यक्ष श्री द्वारकाराम माली ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष श्री बंशीलाल कच्छवाह बालरवां सरपंच व माली संस्थान उपाध्यक्ष श्री बाबुलाल परिहार उपसरपंच ठां रूपसिंहजी भाटी पंचायत सदस्य श्री खुशाल चन्द परिहार, नगर निगम जोधपुर पार्षद श्रीमती शैलजा गहलोत, श्री कन्हैयालाल जी राठी, कांग्रेस सेवादल के अतिरिक्त प्रभारी श्री रामेश्वर गहालोत भोपालगढ युवा कांग्रेस अध्यक्ष श्री स्वरूप राम खोत महासचिव श्री महेन्द्रप्रताप देवडा सहित कई जनप्रतिनिधी मौजुद रहे।

कार्यक्रम में रक्तदाताओं के लिए ज्यूस की व्यवस्था कृष्ण कन्हैया फैंसी स्टोर मथानियां द्वारा कि गई। सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया एवं रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र भेंट किया गया। शिविर के आयोजन में नवयुवक मण्डल चौपासनी के अध्यक्ष श्री रामकिशोर परिहार माली छात्र संघ के पुर्व अध्यक्ष श्री अजीत कच्छवाह व श्री युधिष्ठिर परिहार भारतीय डाक विभाग के श्री अशोक टाक, श्री रेखाराम परिहार, श्री गणेश परिहार चौपासनी, श्री सोहन गहलोत, श्री मदन सांखला सहित कई युवाओं का अहम योगदान रहा।











# सुन्दर 'मामा'

## लगातार तीसरी बार अध्यक्ष

ब्यावर। श्री क्षत्रिय फूल मालियान पंचायत समाज सेवा संस्था, शाहपुरा मौहल्ला, ब्यावर की एक आमसभा दिनांक 13 जुलाई, 2013 शनिवार को हथाई भवन में पंचायत के अध्यक्ष सुन्दर मामा की अध्यक्षता में आहुत की गई। इसमें सर्वप्रथम बाबूलाल भाटी एवं समस्त भाटी परिवार गहलोत कॉलोनी द्वारा समाज को पारदर्शी प्रशासन देने तथा पंचायत में विकास की गंगा बहाने पर अध्यक्ष सुन्दर मामा तथा समस्त कार्यकारिणी का माल्यार्पण के साथ शॉल एवं साफा बन्धाकर सम्मान किया गया। इसके पश्चात् गत दो वर्षो से लगातार हथाई एवं भण्डार प्रबन्धक को सफलतापूर्वक सम्पन्न करते, दिन रात समाज की सेवा में तत्पर रहने तथा भण्डार के कार्य को सौहार्दपूर्ण व्यवहार के साथ सम्पन्न करने के उपलक्ष में हथाई एवं भण्डार प्रबन्धक अशोक चौहान पुत्र स्व. श्री मोहनलालजी चौहान एवं ओंकारेश्वर गार्डन के रखरखाव में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने तथा गार्डन के विकास में सदैव तत्पर रहने वाले मुरलीधर चौहान का पंचायत द्वारा माल्यार्पण कर शॉल एवं व साफा बन्धाकर सम्मानित किया गया। इसके पश्चात् संस्था के कोषाध्यक्ष सुगन भाटी ने वर्ष 2012-2013 का आय-व्यय का विवरण पढ़कर सुनाया। अन्य विषयों पर विचार-विमर्श के पश्चात् अध्यक्ष सुन्दर मामा ने अपनी कार्यकारिणी को भंग करने की घोषणा की।

इसके पश्चात् सभा ने मोहनलाल बागड़ी को कार्यवाहक अध्यक्ष बनाकर सभा के संचालन का भार सौंपा। कार्यवाहक अध्यक्ष की अनुमति के कैलाश सांखला ने अध्यक्ष पर पर सुन्दर मामा का पुन: नाम रखा। सभा में उपस्थित सैंकड़ों सदस्यों ने करतल हर्षध्वनि के साथ इनका समर्थन कर लगातार तीसरी बार सुन्दर मामा को अध्यक्ष बनाकर मालाओं से लाद दिया। अनेकों उत्साही युवाओं ने सुन्दर मामा को गोद में उठाकर जयघोष के नारे लगाए। इसी खुशी में विष्णु भाटी एवं ओमप्रकाश टांक ने सुन्दर मामा को शॉल एवं साफा बन्धाकर लगातार तीसरी बार अध्यक्ष बनने पर बधाई देते हुए सम्मानित किया।

सुन्दर मामा के लगातार तीसरी बार अध्यक्ष बनने पर पी.सी.सी.सदस्य एवं इन्टक नेता आनन्दमोहन शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेसी एवं पार्षद सुरेन्द्र यादव, युवा भाजपा नेता एवं उद्यमी इन्द्रसिंह बागावास, रावत महासभा के अध्यक्ष श्रवणसिंह भाटी, फूलपुरा पंचायत के अध्यक्ष देवेन्द्र भाटी, अशोक भाटी, पूर्व पार्षद नैनाराम देचड़, मोतीपुरा पंचायत के अध्यक्ष कालीचरण सांखला, महामंत्री प्रेमस्वरूप दगदी, जैतारण से लक्ष्मीनारायण गहलोत, पन्नालाल माली, झब्बरचन्द गहला, चौमूं से घीसालाल सैनी, डॉ. एस.के. तंवर, अजमेर फूलमंडी से पूनमचंद मारोठिया, पाली से मिश्रीलाल सोलंकी, रायपुर से धर्मीचन्द, पालड़िया, पुष्कर से बाबूलाल दगदी, ताराचन्द गहलोत, नोरतमल मुंशी, मोहनलाल जामोदिया, मदनसिंह गहलोत, हरिराम मारोठिया, दुर्गेश सैनी, हेमन्त भाटी, अजय चौहान आदि सैंकड़ो स्वजाति बन्धुओं ने बधाई देते हुए हर्ष प्रकट किया है।





# पैदल यात्रा संघ पहुंचा सुंधा पर्वत, भजनों की बही सरिता

बालोतरा। माली समाज सुंदेशा सेवा समिति बालोतरा के तत्वाधान में बालोतरा से श्री सुंध माता पावन पद यात्रा संघ का समापन धूमधाम से किया गया। 6 अगस्त: को पैदल संघ माताजी के भजनों पर थिरकते हुए गाजे बाजे के साथ माता के दरबार में पहुंचे, रास्ते में जगह-जगह पुष्प वर्षा से पैदल यात्रियों का स्वागत किया गया।

संस्थान अध्यक्ष अमराराम आर सुंदेशा ने बताया कि 8 अगस्त को सभी पैदल श्रद्धालुओं ने सुंधा पर्वत पहुंचकर चामुंडा माताजी के दर्शन कर परिवार व क्षेत्र में खुशहाली की कामना की।

रात्रि में सुंधा पर्वत स्थित माली समाज धर्मशाला में भजन गायकों द्वारा एक से बढ़कर एक भजानों की शानदार प्रस्तुतियां दी गई। रात्रि जागरण में नगर परिषद सभापति महेश बी चौहान, तहसीलदार विवेक व्यास, वाणिज्य कर अधिकारी महेन्द्र पालीवाल, समाजसेवी चंपालाल सुंदेशा, पंकज सुंदेशा, चैनाराम सिणधरी, सरपंच हेमाराम, पार्षद केवलचंद घांची, नैनाराम सुंदेशा, सुरेश पंवार, माणक गहलोत, रामेश्वर माली, सुजाराम सुंदेशा, मोहनलाल, गोविंदभाई, हंजारीभाई माली, ओमप्रकाश, रूपाराम, हड़मान, पुखराज, संस्था उपाध्यक्ष लुणाराम, बाबूलाल माली, जगदीश, गोविंद, मधुकर, मोतीलाल, श्रवण कुमार, दौलतराम सहित सैकड़ो श्रद्धालु उपस्थित थे। 9 अगस्त शुक्रवार को महाआरती के पश्चात महाप्रसादी का वितरण किया गया।

# छात्र संघ चुनावों में विभिन्न महाविद्यालयों में विजेता समाज के प्रत्याशी

| | महाविद्यालय | छात्र/छात्रा का नाम | पद |
|---|---|---|---|
| 1. | राजकीय महाविद्यालय, चेनपुरा, जोधपुर | श्री उमेश देवड़ा (एबीवीपी) | अध्यक्ष |
| 2. | सुमेर महिला महाविद्यालय, जोधपुर | सुश्री निक्की गहलोत | अध्यक्ष |
| 3. | राजकीय महाविद्यालय, पीपाड़ शहर | सुश्री लक्ष्मी टाक (एन.एस.यू.आई.) | अध्यक्ष |
| 4. | बी.आर. मिर्धा कालेज, नागौर | श्री अर्जुनराम गहलोत (एन.एस.यू.आई.) | उपाध्यक्ष |
| 5. | गर्ल्स कॉलेज, नागौर | सुश्री ईशा पंवार (एबीवीपी) | अध्यक्ष |
| 6. | राजकीय कॉलेज, सरदारशहर | श्री श्रीकांत सैनी | महासचिव |
| 7. | राजकीय महाविद्यालय, पोकरण | श्री प्रेमचंद माली(एबीवीपी) | संयुक्त सचिव |
| 8. | राजकीय महाविद्यालय, मालपुरा | श्री दीपचंद सैनी | महासचिव |
| 9. | राजकीय महाविद्यालय, उनियारा | श्री रामलाल सैनी | महासचिव |
| 10. | सरोज मेमोरियल कॉलेज, शेखावटी | सुश्री जागृति सैनी (निर्विरोध) | अध्यक्ष |
| 11. | गायत्री शक्ति पीठ महाविद्यालय, पुष्कर | सुश्री रेखा सैनी | अध्यक्ष |
| | | सुश्री बीना गहलोत | उपाध्यक्ष |
| | | सुश्री ज्योति माली | संयुक्त सचिव |
| 12. | सोजत महाविद्यालय, सोजत | श्री सुनील कुमार टांक (निर्दलीय) | अध्यक्ष |
| | | सुश्री ज्योति माली | संयुक्त सचिव |
| 13. | राजकीय महाविद्यालय, जेतारण | सुश्री मंजू कच्छवाहा (निर्विरोध) | संयुक्त सचिव |
| 14. | राजकीय महाविद्याल, बालोतरा | श्री मुकेशकुमार गहलोत(एबीवीपी) | महासचिव |
| | | श्री रमेशकुमार माली(एनएसयूआई) | संयुक्त सचिव |
| 15. | डी.आर.जे.कन्या महाविद्यालय, बालोतरा | सुश्री सीता माली (एबीवीपी) | महासचिव |
| 16. | राजकीय महाविद्यालय, भोपालगढ़ | श्री रेशमाराम माली(एनएसयूआई) | अध्यक्ष |
| 17. | मानपुरिया कालेज, श्री माधोपुर | श्री सुरेश सैनी (निर्विरोध) | अध्यक्ष |
| | | श्री मनोज सैनी | उपाध्यक्ष |
| 18. | कमलामोदी गर्ल्स कॉलेज, नीमका थाना | सुश्री मनीषा सैनी (निर्विरोध) | उपाध्यक्ष |
| 19. | राजकीय कॉलेज, थानागजी | श्री बाबूलाल सैनी | महासचिव |
| 20. | राजकीय महाविद्यालय, गोविंदगढ़ | सुश्री अनिता सैनी | महासचिव |



राजकीय महाविद्यालय, चेनपुरा, जोधपुर में एबीवीपी के श्री उमेश देवड़ा के अध्यक्ष बनने पर, विजयी जूलूस निकालते विद्यार्थी



राजकीय महाविद्यालय, भोपालगढ़ में एनएसयूआई के श्री रेशमाराम सोलंकी के अध्यक्ष बनने पर विजयी जूलूस निकालते विद्यार्थी

# हर्षोल्लास के साथ मनाई संत लिखमीदास जयंती

## वाहन रैली निकाल कर दिया संदेश, प्रतिभावना छात्र छात्राओं का किया सम्मान

भास्कर न्यूज, पोकरण (आंचलिक) संत लिखमीदास जयंती समारोह रविवार को हर्षोल्लास के साथ मनाय गया। समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में नगरपालिका चेयरमैन छोटेश्वरीदेवी माली उपस्थित थी। समारोह की अध्यक्षता लिखमीदास ट्रस्ट के अध्यक्ष खेताराम माली ने की। समारोह में विशिष्ट के रूप में माली विकास संस्थान के अध्यक्ष हंसराज सोलंकी, नायब तहसीलदार आईदान पंचार, वनपाल श्रीराम सैनी, पार्षद श्रीमती सुआदेवी, डॉ मदनलाल सोलंकी, डॉ. पुखराज टॉक चामुंडा ट्रस्ट के अध्यक्ष कंवरलाल सोलंकी सामाजिक कार्यकर्ता विनोद कुमार गहलोत उपस्थित थे। समारोह से पहले अतिथियों ने संत लिखमीदास की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर नायब तहसीलदार आईदान पंवार ने कहा कि संत लिखमीदास माली समाज में पैदा हुए थे वे किसान की तरह कार्य करते थे। उन्होंने कहा कि संत लिखमीदास का नागौर जिले में बड़ा आश्रम है वहां पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु यह जयंती मनाते है। इस अवसरपर अध्यापक ओमप्रकाश डॉ. मदन सोलंकी, पार्षद खेताराम माली, श्रीमति सुवादेवी , हंसराज सोलंकी, वनपाल श्रीराम सैनी, महात्मा ज्योतिबा फूले संस्थान के अध्यक्ष छोटमल पंवर, नवयुवक मंडल अध्यक्ष ओकाराम सोंलकी, माली युवा बिग्रेड के अध्यक्ष जितेन्द्र सोलंकी, सचिव पारम माली, नेमीचंद सोलंकी, नरपत सोलंकी, विजय सोलंकी, सामाजिक कार्यकर्ता विनोद कुमार गहलोत सहित कई लोगों ने संबोधित किया।





**रैली का हुआ आयोजन**

संत की जयंती के अवसर पर माली विकास संस्थान, लिखमीदास ट्रस्ट, महात्मा ज्योतिबा फूले संस्थान, माली युवा बिग्रेड, माली नवयुवक मंडल के तत्वाधान में रविवार को वाहन रैली निकाली गई। यह रैली शहर के विभिन्न मौहल्लों से होती हुई आशापुरा सड़क मार्ग स्थित संत के आश्रम पहुंची। शहर में जगह जगह रैली का फूलों से स्वागत किया गया। रैली में शामिल युवकों ने संत लिखमीदास के जयकारों से पूरे शहर को गुंजायमान कर दिया। इस अवसर पर नगरपालिका चेयरमैन छोटेश्वरी माली ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

**प्रतिभावान विद्यार्थियों व सदस्यों को किया सम्मानित**

लिखमीदास जयती समारोह के अवसर पर अतिथियों ने होनहार विद्यार्थियों व सदस्यों को सम्मानित किया। इस अवसर पर कक्षा 8वीं के 17 विद्यार्थियों को, कक्षा 10वीं के 16 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इसी प्रकार कक्षा 12वीं के 13 तथा 11 समिति के सदस्यों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा ललित पंवार, कैलाश मिस्त्री, कमल भाटी, भूरसा माली, नरपत सोलंकी, श्रवणकुमार, नेमीचंद सोलंकी, जितेन्द्र सोलंकी, डॉ. मदनलाल सोलंकी, डॉ. पुखराज टॉक, कंवरलाल सोलंकी सहित प्रतिभावना छात्र छात्राओं व समिति के सदस्यों को सम्मानित किया गया।



# राजस्थान लघु उद्योग निगम के अध्यक्ष सुनिल परिहार का स्वागत



सिरोही। दिनांक 27.08.2013 को होटल बाबारामदेव के सभागार में राजस्थान लघु उद्योग निगम के अध्यक्ष सुनिल परिहार का सिरोही आवागमन पर प्रबन्ध संचालक रघुभाई माली एवं स्थानीय नागरिकों द्वारा भव्य स्वागत सत्कार किया गया।

प्रकाश बी. माली ने बताया कि अपने निजी कार्यक्रम में पधारे सुनिल परिहार, अध्यक्ष, राजसिको द्धराज्यमंत्रीऋ का सिरोही के स्थानीय नागरिकों एवं रामदेव ग्रुप के प्रबन्ध संचालक रघुभाई माली ने साफा एवं स्मृति भेट देकर स्वागत किया।

सुनिल परिहार ने सम्बोधित करते हुए कहा कि छोटी-छोटी उद्यमी इकाईयों के विकास हेतु हर संभव प्रयास किया जायेगा तथा औद्योगिक इकाईयों के विकास हेतु वि ोश योजना बनाकर आर्थिक विकास हेतु कार्य किया जायेगा तथा रघुभाई माली को माली वेलफेयर सोसायटी का दूसरी बार अध्यक्ष बनने पर हार्दिक बधाई दी। रघुभाई माली ने कहा कि हमारे समाज के लिए गौरव का विशय हैं कि सुनिल परिहार को राज्य सरकार ने राज्यमंत्री बनाकर माली समाज को गौरवान्वित किया। इस अवसर पर जिला प्रमुख चन्दनसिंह देवडा ने स्वागत कर अपने भावनाऐं व्यक्त की।

इस अवसर पर अ ोक सेन, संध्या चौधरी, केसरीमल गमेती, डिम्पल सिन्दल, प्रवीणसिंह सोंलकी, खेताराम माली अध्यक्ष मातर माता ट्रस्ट, योगेशा गहलोत जोधपुर, चम्पालाल सुन्देशा जोधपुर, पुखराज गहलोत, सुरेन्दसिंह, छगनलाल माली आदि दर्जनों की तादाद में जनसमूह उपस्थित रहा।

# युवा सद्भावना के वाहक बनकर कार्य करें– गहलोत

## मुख्यमंत्री ने किया सद्भावना पखवाड़ा स्टीकर का विमोचन

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भारत रत्न व पुर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती पर राजीव गांध युवा क्लब भोपालगढ़ द्वारा 20 अगस्त से 3 सितम्बर तक मनाये जाने वाल सद्भावना पखवाडा पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के लिए स्टीकर का विमोचन किया इस अवसर पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि भारत रत्न श्री राजीव गांधी देश के उन महापुरूषों से थे जिन्होने देश को 21 वी सदी मे ले जाने की कल्पना की और टेक्नोलोजी मिशन सहित अपने विकास दृष्टिकोण से देश को आगे बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त किया। ऐसी महान विभूति के जन्म दिवस पर इस प्रकारके रचनात्मक कार्यक्रमो से नौजवान लोगों में राष्ट्रीय एकता की भावना पैदा करने के लिए सहायक होगे तथा श्री राजीव गांधी के जीवन आदर्शो को व्यापक बनाने के साथ युवा पीढ़ी में स्वास्थ्य प्रतिस्पर्धा बढ़ो में महत्पुर्ण योगदान होगा। उन्होंने उपस्थित युवाओं को आहवान किया कि आज देश के सामने आतंकवाद, साम्प्रदायिकता, जातिवाद भाषावाद जैसी



चुनौतियों के लिए युवा सद्भावना के वाहक बनकर कार्य करने के लिए आगे आये। इस अवसर पर नेहरू युवा केन्द्र जोधपुर के जिला समन्वयक एस.एस. जोशी, राजीव गांधी युवा क्लब के संस्थापक अध्यक्ष शिवकरण सैनी, व उपाध्यक्ष एस डी खान सहित कई गणमान्य लोग व युवा उपस्थित थे।



जोधपुर माली समाज के
प्रथम डबल पी.एच.डी प्रोफेसर:
**डॉ. रामस्वरूप हरलाल सांखला**
(1922-1999)
29 अगस्त 2013 को है
जोधपुर माली समाज के रत्न की पुण्यतिथि

परिचय

**समाजरत्न शिक्षा के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि**

# स्व. श्री रामस्वरूप हरलाल सांखला

बैरियां मोहल्ला, सोजती गेट, जोधपुर निवासी श्री हरलाल जी सांखला के होनहार पुत्र डॉ. रामस्वरूप हरलाल सांखला का जन्म 21 नवम्बर 1922 को हुआ आपकी माताजी का नाम श्रीमती तुलसी देवी सांखला था। अल्पायु में पिता श्री हरलाल जी सांखला के निधन के बाद भी इन्होंने सम्बल नहीं सोया एवं ये साबित कर के दिखाया कि परिश्रम करने वाला व्यक्ति विकट परिस्थितियों में भी अंततः अपनी मंजिल अवश्य प्राप्त करता है। डॉ. सांखला ने आर्गेनिक केमिस्ट्री एवं बायोकेमिस्ट्री में पी.एच.डी. की तथा विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय विश्व विद्यालय में प्रोफेसर/लेक्चरर के रूप में कार्य किया।

आपने सेकंडरी एवं इंटरमीडिएट तक की शिक्षा राजपुताना बोर्ड, अजमेर से प्राप्त की। हाई स्कूल सन-1992 में उतीर्ण की जिसमे गणित में विशेष योग्यता (Distinction) हासिल की। इंटरमीडिएट आपने सन 1944 में उतीर्ण की। आपने बी.एस.सी. एवं एम.एस.सी की उपाधि क्रमशः 1946 एवं 1948 में विश्वविख्यात विश्व विद्यालय बनारस हिन्दू विश्व विद्यालय से प्राप्त की। आपका विवाह मेडती गेट, जोधपुर निवासी श्री सालगराम जी गहलोत की पुत्री श्रीमती सरोज से संपन्न हुआ। वर्ष 1948 में M.Sc. करने के पश्चात डॉ. सांखला ने बनारास हिन्दू विश्व विद्यालय से " माइक्रोबायोलोजिकल प्रोडक्शन ऑफ सिट्रिक एसिड" विषय पर शोध कार्य प्रारीा किया तथा वर्ष 1951 में पी.एच.डी की उपाधि प्राप्त की। उसके पश्चात 1953 तक बनारस हिन्दू विश्व विद्यालय में अध्यापन कार्य किया जिसमें इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों को रसायन विज्ञान (सैद्धांतिक एंव प्रायोगिक) रोचक तकनीक से पढ़ाया। वर्ष 1953 में बनारास (अब वाराणसी) की सरला प्रेस से प्रकाशित पुस्तक "इंटरमीडिएट आर्गेनिक केमिस्ट्री-कंडेंस्ड" डॉ. सांखला ने लिखी।

उसके पश्चात यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन से "ए स्टडी ऑफ द मेटाबोलिक प्रोडक्ट्स ऑफ वेरियस मौल्ड्स" विषय पर शोध-कार्य किया एवं 1956 में पी.एच.डी की उपाधि प्राप्त की। इसके अलावा बेक्ट्रियोलोजी, कचक विज्ञान, बायोकेमिस्ट्री, फूड एनालिसिस इत्यादि विषयों में कोर्स सफलतापूर्वक किये। डॉ सांखला ने फॉरेंसिक साइंस एंड टॉक्सिकोलॉजी विषय पर भी एक कोर्स नोर्थेने नाइजीरिया के काडुना राज्य में स्वास्थ्य मंत्रालय के अंतर्गत किया। इनके कई वैज्ञानिक लेख भारत एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के जर्नलस मे छप चुके हैं। इसके अलावा 1954 मे इन्हें बायोकैमिकल सोसाइटी, लन्दन का सदस्य भी चुना गया।

डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त करने के बाद इन्होंने जे.लीयोंस एंड कंपनी (लंदन), नाइजीरिया आर्ट्स कॉलेज (Zaria), मेनचेस्टर विश्व विद्यालय (यु.के) एवं अहादु बेल्लो यूनिवर्सिटी, जारिया, उत्तरी नाइजीरिया इतयादि जगों पर अलग-अलग विषयों पर शोध-कार्य किय। 1959-1964 के बीच यूनिवर्सिटी ऑफ लन्दन से आयोजित G.C.E (ए.लेवल) केमिस्ट्री की प्रयोगिक परीक्षा में परीक्षक (Examiner) के रूप में, तथा अहादुबेल्लो यूनिवर्सिटी में आर्गेनिक केमिस्ट्री के परीक्षक (University Examiner) के रूप में भी कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया। डॉ. सांखला ने अपने जीवनकाल में 45 देशों का भ्रमण किया, जिसमे अफ्रीका, एशिया, ब्रिटिश इस्लस एवं यूरोप के देश शामिल है।

इनके 5 पुत्रियाँ एवं 2 पुत्र हैं, ज्येष्ठ पुत्री डॉ. कल्पना (प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष (सेवानिवृत), एस.एम.एस मेडिकल कॉलेज, जयपुर) जिनका विवाह पूर्व मंत्री नरसिंह कछवाहा निवासी एम.आई रोड,जयपुर के पुत्र डॉ. श्याम सिंह (वरिष्ठ सर्जन ) से हुआ है। इनके दो पुत्रियाँ- डॉ. शल्या (पत्नी श्री जयेश सैनी, नैरोबी, केन्या) एवं सुश्री रूचिका एवं एक पुत्र-चैतन्य सिंह (अध्ययनरत) हैं डॉ. सांखला की दूसरी पुत्री डॉ. प्रेरणा पत्नी डॉ. उम्मेद सिंह कछवाहा जो कि उप-अधीक्षक पद पर महात्मा गांधी

अस्पताल, जोधपुर में कार्यरत है। इनके दो पुत्रियां- डॉ. (श्रीमती) आज्ञा (पत्नी श्री भूदेव देवड़ा, रावत होटल, जयपुर) एवं डॉ (सुश्री) आस्था है। डॉ. सांखला की तीसरी पुत्री श्रीमती रचना पत्नी डॉ. तुलसीराम गहलोत, जोकि प्रधानाचार्या पद पर राजकीय बालिका उच्च माद्यमिक विद्यालय, पूंजला, जोधपुर में कार्यरत है। इनके एक पुत्र - अंकित सिंह एवं एक पुत्री-सुश्री काव्या है। डॉ. सांखला की चोथी पुत्री स्व. श्रीमती अर्चना (पत्नी श्री दिनेश सिंह परिहार, महामंदिर निवासी, जोधपुर) जो कि अध्यापिका के रूप में प्रारंभिक शिक्षा विभाग, जोधपुर के कार्यरत थी। इनका आकास्मिक निधन वर्ष: 2012 में हो गया। इनके एक पुत्र-आदित्य सिंह (अध्ययनरत) है। डॉ. सांखला की पांचवी पुत्री डॉ. (श्रीमती) नीरज वंदना (पत्नी डॉ गगन अरोड़ा), जो कि एनेस्थीसिया विशेषज्ञ के पद पर नोवा स्कोटिआ (कनाडा) मे कार्यरत हैं। इनके दो पुत्र गौरव एवं निपुण (अध्ययनरत) है। डॉ साखंला के ज्येष्ठ पुत्र श्री कणाद सिंह सांखला जिनका विवाह हाई कोर्ट कालोनी, जोधपुर निवासी श्री मोहन सिंह गहलोत की सुपुत्री श्रीमत पुष्पा से हुआ। श्री कणाद सिंह व्यवसायी हैं। इनके दो प्रमुख-प्रखर एवं प्रकेत (अध्ययनरत) एवं एक पुत्री-सुश्री अर्थदा हैं (अध्ययनरत) डॉ सांखला के दुसरे पुत्र श्री कपिल सिंह सांखला (पूर्व आई.ए.एस.(एलाइड) दिल्ली एवं संघ शासित प्रदेश प्रशासनिक सेवा, जिनका विवाह जयपुर निवासी श्री बलदेव सिंह कच्छवाह की सुपुत्री प्रो. सुमिता (एसोसियेट प्रोफेसर, बॉटनी विभाग, राजस्थान विश्व विद्यालय, जयपुर) से हुआ। श्री कपिल सिंह पेश से वकील हैं एवं समाज सेवा करते हैं व कुछ स्वयंसंवी संस्थाओं से जुड़े हैं। इनके दो पुत्र-सोभाग्य सिंह और संकल्प सिंह हैं (अध्ययनरत)।

डॉ रामस्वरूप हरलाल सांखला जी का हमेशा से ध्येय था कि वे अपनी संतानों को पढ़ा-लिखा कर काबिल कर समाज को समर्पित करें एवं उनका ये सपना पूर्ण भी हुआ है। सभी संतानों को शिक्षित करके समाज को समर्पित कर डॉ सांखला ने एक अच्छी मिसाल दी है। डॉ. राम स्वरूप हरलाल सांखला जी ने सेवानिवृति पश्चात से देहांत तक समाज की पत्रिका "प्रगतिशील सैनिक क्षत्रिय" के संस्थापक संपादक के रूप में भी बहुत अच्छे से कर्तव्य पालन किया। डॉ सांखला का निधन 27 अगस्त 1999 के जोधपुर में 77 वर्ष की आयु में हुआ।

## जीवन परिचय



# श्री गणपतराम सांखला

श्री गणपतराम सांखला का जन्म श्रीमती रामप्यारी एवं श्री मघारामजी सांखला के यहां दिनांक 1 जनवरी, 1965 को हुआ। आपका पूरा परिवार रामस्नेही परिवार है। श्री गणपतराम ने कक्षा 10वीं तक की शिक्षा प्राप्त कर के बाद अपने पुश्तेनी व्यापार में पिताजी का साथ देना आरंभ किया आप आज प्याज, लहसुन के कमीशन एजेंट है आपका सांखला फार्म हाऊस भैसर रौड़, तिंवरी पर स्थित है। आप समाज सेवा के साथ ही राजनीति में भी रूचि रखते है। वर्तमान में आप कांग्रेस के औसियां विज्ञान सभा क्षेत्र में अभाव अभियोग अध्यक्ष है।

## परिवारिक परिचय

| | | |
|---|---|---|
| नाम | : | **गणपतराम सांखला** |
| धर्मपत्नी | : | श्रीमती मदनकंवर सांखला |
| माता-पिता | : | श्रीमती रामप्यारी एवं श्री मघाराम सांखला |
| दादी-दादा | : | स्व. श्रीमती रामप्यारी- श्री दीपाराम सांखला |
| ताई-ताऊ | : | श्रीमती धापुदेवी- श्री राधाकिशन सांखला |
| बहन-बहनोई | : | श्रीमती गंगादेवी- श्री ईद्राराम टाक |
| | | श्रीमती भाग्यवंती- श्री हनुमानराम परिहार |
| भाभी -भाई | : | श्रीमती नत्थुदेवी- श्री गणेशराम सांखला |
| | | श्रीमती इंद्रादेवी- श्री डूंगरराम सांखला |
| | | श्रीमती पुष्पादेवी- श्री प्रेमराज सांखला |
| | | श्रीमती शीलादेवी- श्री धनराज सांखला |
| | | श्रीमती सोनियादेवी- डॉ. पृथ्वीराज (IAS) |
| | | श्रीमती पप्पुदेवी- श्री घनश्याम सांखला |
| पुत्र-पुत्रियां | : | श्री महेन्द्र सांखला |
| | | श्री जगदीश सांखला |
| | | श्री गजेन्द्र सांखला |
| | | श्रीमती केशरदेवी- श्री सुभाष देवड़ा |
| | | श्रीमती शारदादेवी- श्री मुकेश परिहार |
| | | श्रीमती शोभादेवी- श्री सेवाराम देवड़ा |
| | | सुश्री रूपवती सांखला |
| ननिहाल | : | स्व. श्री रामस्वरूप गहलोत(नानाजी) |
| | | स्व. श्रीमती सुआदेवी (नानीसा) |
| व्यवसाय | : | **गजानंद ट्रैडर्स, नेताजी मार्केट, तिंवरी** |
| संपर्क सूत्र | : | 9414560392, 9928055719 |

# माली अशोक वर्मा संयोजक मनोनीत

शाजापुर- (म.प्र) महात्मा फुले सामाजिक शिक्षण संस्णे, नई दिल्ली के अध्यक्ष-श्री शंकरराव लिगें जी द्वारा शाजापुर के माल अशोक वर्मा को-शिक्षादान की अभिनष योजनाका संयोजक मनोनी किया गया। माली अशोक वर्मा वर्तमान मैं -जिला संयोजक-अखिल भारतीय महात्मा फुले समता परिषद्, जिला अध्यक्ष-ऑल इंडिया सैनी सभा, जिला कोषाध्यक्ष-महात्मा ज्यौतिबा फुले माली समाज मध्यप्रदेश, आदि पदो पर रहकर समाज सेवा कर रहे है।

माली अशोक वर्मा के ठानोनयन पर ऑल इंडिया सैनी सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री जगदीश सैनी, राष्ट्रीय महासचिव-विनय सैनी, प्रदेश महासचिव अविनाश फसारे, राज्यप्रतिनिध डॉ. पी.एन. अम्बाडर जी, प्रदेश उपाध्यक्ष-डॉ. प्रेमलता सैनी, मुन्ना शलोटे, रामचन्द्र सैनी, सचिव-मीनाभावर, माहेन पटेल, कोषाध्यक्ष-दत्तूराम महाजन, कार्यकारिणी सदरू- फैलाश चौहान, श्याम नागौरी, रवि अम्बाडर, लक्ष्मण महाजन, दिलीप परमार, पी.सी हरोड़े एड, जिलाध्यक्ष-सुरेश सुमन, लीला किशन माली, माली गोपाल पटेल, कुन्दन माली सुनिल टांक, कैलाश चावड़ा, जगदीश परमार, बंशीलाल पापड़वाल प्रदीप भाटी, रमेश सैनी, जगदीश ताराचंद्र माली, शाजापुर माल समाज से-प्ररूषोतम वात्रे, नरेश मावर, श्रीमति राधा वर्मा, रमेश चौहान, मदनलाल चौहान, राजेश गोयल, चतुर्भुज प्रष्पंक, नन्दकिशोर सोलंकी, राधेश्याम चौहान, अशोक गोयल, दीपक चौहान, दिलीप परमार, मुकेश सुमन एड, प्रहलाद घोंसलिया, रामगोपाल माली, बद्रीलाल बोदाना, रामनारायण चौहान, आदि सहि समाजजनों ने बधाइ देते हुए अध्यक्ष महोदय- शंकरराव लिंगे, व महासचिव-रामनारायण चौहान का आभार व्यक्त दिया है।


## हार्दिक बधाई



माली समाज के युवा

**श्री रमेश परिहार**

पुत्र श्री तेजाराम परिहार के पुलिस विभाग में एस. आई. बनने पर हार्दिक बधाई


# समाजिक कार्यकर्ता माली ने भी जताई दावेदारी...

भीलवाड़ा। वस्त्रनगरी भीलवाड़ा गत जून माह में सर्वजाति राष्ट्रीय स्तर नि:शुल्क विवाह सम्मेलनका आयोजन कर समाजिक परचम लहराने वाले और सभी समाजों को एक नई दिशा देने के साथ सामाजिक सेवा का जज्बा जगाने वाले माली समाज के जिला अध्यक्ष व राजस्थान प्रदेश टेट डीलर्स समिती के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बंशी लाल माली (रागस्या) ने भी आने वाले विधानसभा चुनाव में विधायक की दावेदारी जताई हे जिसको लेकर माली दिल्ली, जयपुर तक भी कांग्रेस प्रतिनिधी से मिलकर अपनी नि:स्वार्थ सेवा को लेकर सक्रिय रूप से नजर आ रहे है। हाल ही हुई माली समाज की बैठक में सभी सदस्यों ने एक मत राय कि है कि कांग्रेस पार्टी अगर माली को टिकट नहीं देकर बाहरी व्यक्ति को प्रत्याशी बनाती है तो माली समाज विरोध करेगा। बैठक में यही भी निर्णय लिया गया कि मेवाड़ सम्भाग की 7 जिलो की कुल 35 सीटे है जिसमें कही भी माली समाज का एक प्रत्याशी जरूर हो। माली ने बताया कि इस विषय को लेकर दिल्ली, जयपुर में प्रमुख नेताओं को ज्ञापन के जरिए अवगत कराया गाया फिर भी अगर पार्टी भीलवाडा से किसी भी बाहरी व्यक्ति को अपना उम्मीदवार बनाती है तो माली समाज एकजुटता का परिचय देकर उसका विरोध दर्ज करायेगा। माली ने राजस्थान व दिल्ली ने नेताओं व राजस्थान प्रभारी के पास दावेदारी जतादी है।

# सैनी मोतीलाल (मोती बाबा फुले) सॉखला को बधाई

शाजापुर (म.प्र.) वस्त्र नगरी भीलवाड़ा में आयोजित हुए-राष्ट्रीय प्रोम पत्रकार-मिडिया सम्मेलन में राजस्थान प्रदेश के अखिल भारतीय महात्मा फुले समता परिषद् के प्रदेश अध्यक्ष व समाज की पत्रिका-'महात्मा फूले जागृति' के प्रधान संपादक व अन्य वरिष्ठ पदो पर रहकर समाज सेवा कर रहे-सैनी मोतीलाल साँखलाको 'महात्मा फुले जन संचार (फेडरेशन'' समिति का अध्यक्ष (सर्व समिति) से मनोनित किये जाने पर म.प्र. के शाजापुर से माली अशोक वर्मा जावटा से मोहन पटेल, ब्यावरा से सुरेश सुमन, इन्दौर से श्याम नागौर, सांरगपुर से मोतीलाल माली अणर से कैलाश पटेल देवास से-प्रदीप माली, धार से बलराम माली, बदनाकर से बररीचन्द्र राठौर, गजनी खेड़ी से हेमराज चावड़ा ने -मोती बाबा फुले को बधाई दी।

# माली समाज कर्नाटक बेंगलोर (जेएसबी) की कार्यकारिणी का गठन

### परमार अध्यक्ष देवड़ा मंत्री

माली समाज कर्नाटक बेंगलोर (जेएसबी) की कार्यकारिणी का गठन सी. टी. स्ट्री स्थित पारस मार्केट में समाज के कार्यालय में सर्वसम्मति से किया गया, कार्यकारिणी में अध्यक्ष -टिकमचंद परमार, उपाध्यक्ष- सांकलाराम गहलात, मंत्री-वरदीचंद देवड़ा, सहमंत्री- तलाराम सोलंकी, सभापति-मुलचंद सोलंकी, कोषाध्यक्ष- रमेश सोलंकी, सगंठन मंत्री-दुदाराम सोलंकी, सलाहकार- वजारम सुंदेड लालाराम गहलोत, मांगीलाल सोलंकी, कार्यकारिणी सदस्य, भलाराम गहलोत, तेजाराम परिहार, प्रकाश सांखला, जोगाराम सांखला, पारसमल सोलंकी, भंवरलाल सुंदेशा, शंकरलाल सांखला को सर्वसम्मति से चूना गया।

# दाउद हनीफ पिनारा फाउण्डेशन ने किया आचार्य जी को सम्मानित

फतेहपुर शेखावाटी। डी.एच.पी. फाउण्डेशन एवं अहिंसा प्रशिक्षण केन्द्र, फतेहपुर क संयुक्त तत्तावधान में आयोजित छात्र-छात्राओं की भाषण प्रतियोगिता के अवसर पर फतेहपुर के प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता एवं शिक्षाविद आचार्य राम गोपाल शास्त्री को सम्मानित किया गया।

डी एच पी फाउण्डेशन के सचिव श्रीराम थालौड़ ने माला पहनाकर तथा अध्यक्ष श्री दाउद हनीफ पिनारा ने फाउण्डेशन का प्रतीक चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर समारोह के मुख्य अतिथि थे श्री कैलाश मिश्रा, उपाध्यक्ष, नगर पालिका, श्री इस्लाम खाँ, अध्यक्ष, यूथ क्लब, श्री नरपतसिंह राठौड़, प्रधानाचार्य, कल्पना गौड़ प्रधानाचार्य-रामगढ़, दाउद हनीफ पिनारा। कार्यक्रम का संचालन सतीश शाण्डिल्य अहिंसा प्रशिक्षक ने किया। कार्यक्रम जयदेव चण्डी प्रसाद जालान आदर्श विद्या मन्दिर के सभागार में हुआ। विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने प्रतियोगिता में भाग लिया।

# महात्मा ज्योतिबा फुले एकीकरण मंच के पदाधिकारियों को बधाई

शाजापुर (म.प्र.) राजस्थान के जयपुर में होटल लैंक पैलेस में माली समाज की सभी शाखाओं को एक जुट करने के उद्देश्य से बैठक आयोजित की गई। जिसमें माली ब्याज की तमाम शाखाओं के एकीकरण हेतु ''महात्मा ज्यौतिबा फुले एकीकरण मंच'' का गठन किया गया, जिसमें सर्वमति से- सूरज मल सैनी (ठेकेदार चौंमू) को प्रदेशाध्यक्ष श्री रामप्रसाद राकसिया व श्री पी.सी. मौर्य को महामंत्री, श्री मोहनलाल सैनी (जयपुर समाजसेवी) को कोषाध्यक्ष चुना गया।

आम सहमति से चुने गये पदाधिकारियों को शाजापुर म.प्र. से माली अशोक वर्मा जिलाध्यक्ष-ऑल इण्डिया सैनी सभा ने हार्दिक-हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाऐं प्रेरित कर, कामना कि है कि राजस्थान में जहां-जहां भी माली समजा की उपशाखाऐं है उनको एक करके मिशाल कायम करेंगे।

# समाज के छात्रों ने शिक्षा के क्षेत्र में फहराया परचम



ललित तंवर



रोहित तंवर

जैतारण (पाली)। स्थानीय माली (सैनी) समाज के छात्र ललित तंवर पुत्र श्री चुन्नीलाल तंवर ने कक्षा 12वीं में 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अई.आई.टी. में 2537 वीं रैंक प्राप्त कर जयपुर इंजिनियर कॉलेज में प्रवेश लिया। ललित के ही छोटे भाई रोहित तंवर ने भी माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 12वीं कक्षा में 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले की मैरिट में स्थान प्राप्त किया। रोहित ने गणित में शत प्रतिशत अंक प्राप्त किए। जो कि संपूर्ण क्षेत्र में प्रथम बार किसी छात्र ने प्राप्त किये है। रोहित भविष्य में इंजिनियरर बन कर देश की सेवा करना चाहता है।

समाज के इन होनहार छात्रों की सफलता पर समाज के सभी वर्गो ने दोनों भाईयों को बधाईयां प्रेषित की।



# मुकुल की राजस्थान में 42वीं रैंक

जैतारण (पाली) स्थानीय माली (सैनी) समाज के छात्र मुकुल साँखला पुत्र श्री जितेन्द्र सिंह सांखला ने कक्षा बाहरवीं विज्ञान वर्ग (गणित) में बोर्ड परीक्षा 2013 में 66.15 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तथा RPET में पूरे राजस्थान में 42वीं रैंक प्राप्त करने MBM इंलिनियरिंग कॉलेज जोधपुर में कम्प्यूटर विज्ञान शाखा में प्रवेश प्राप्त कर समाज का मान बढ़ाया। मुकुल भविष्य में इन्जीनियर बनकर समाज की सेवा करना चाहता है।

छात्र मुकुल अपनी सफलता का श्रेय अपने दादा श्री भंवरलाल साँखला श्री किशनलाल साँखला (से.नि.प्रधानाचार्य) अपने माता-पिता जो स्वयं एक ज्ञान दीप शिक्षण संस्थान के मालिक है को देता है। छात्र का पूरा परिवार शिक्षा विभाग से जुड़ा हुआ है। तथा समाज सेवा में हमेशा अग्रणी रहा हैं। सामाजिक कुरीतियों का सांखला परिवार घोर विरोधी रहा है।

# ज्योति बा तेरी...

ज्योतिबा तेरी पद रज को, हम सिर पर धारण करते है।
तेरे बतलाए पद चिन्हों पर, हम अपनी राह संवरते हैं।।
शिक्षा की अलख जगा करके, पिछडों को राह दिखाई है।
उनका पथ आलोकित करके, जीने की चाह सिखाई है।।
जीवन को सुखी बनाने को, प्रगति की राह थमाई है।
अधिकार और कर्तव्यों की, नव चेतनता अलसाई है।।
जिन कुरीतियों के मकडजाल में, हम उलझाए फिरते हैं।
दुहराएँगे न कभी उनको हम , अब यह वादा करते हैं।।
अब बन कर्मठ सन्यासी हम, दुनियां को यह दिखला देंगे।
स्वर्णिम रज की इस भूमि पर, समता के बीज उगा देंगे।।
हम जात पांत और भेदभाव के, दोषों को झुंठला देंगे।
हम देश भक्ति के भावों को, हर बालक में महका देंगे।।
जिन बुराइयों के कारण हमने, अपना गौरव खोया है।
दुहराएँगे न कभी उनको हम , अब यह वादा करते हैं।।
अपने श्रम बिन्दु बहा करके, भारत का मान बढाएंगे।
आपस में सहभागी बनकर, जगती पर यश फैलाएंगे।।
इस वसुन्धरा के आंगन को, नव सूरज बन दमकाएंगे।
सदियों से शोषित मानव को, हम बढकर गले लगाएंगे।।
जिन मिथ्याचारों के कारण हमने, अपना सब कुछ खोया है।
दुहराएँगे न कभी उनको हम, अब यह वादा करते हैं।।

प्रस्तुति- रामबाबू ज्योति (प्राध्यापक एंव राष्ट्रपति सें सम्मानित),
75 रामपुरी कॉलोनी गुप्तेश्वर रोड -दौसा, राज.

## राम रतन गहलोत ने किया देहदान

जोधपुर। सूरसागर, राकासनी जोधपुर निवासी राम रतन गहलोत (63) एवं उनकी पत्नी श्रीमती संपत ने अपनी देहदान का संकल्प पत्र भर रखा था। पिछले दिनों रामरतन गहलोत का निधन हो गया। रामरतन की धर्मपत्नि तथा अन्य परिजनों ने उनके 'देहदान संकल्प का सम्मान करते हुए उनकी देह' एस एन मेडिकल कॉलेज के शरीर रचना विभाग को सौंप दी। श्री रामरतन की देह मेडिकल कॉलेज के छात्रों के अध्ययन के काम आयेगी। जोधपुर में श्री आनन्द प्रकाश गहलोत ने देहदान अभियान चला रखा हैं। अब तक आपके प्रयास से जोधपुर में 18 लोगों को देहदान किया जा चुका है।

## संजय बने परमाणु वैज्ञानिक

पिलानी झुंझुनूं के संजय सैनी पुत्र सुरेश कुमार सैनी भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र की प्रतियोगी परीक्षा उत्तीर्ण कर वैज्ञानिक अधिकारी (सी) पर नियुक्त हो गये है। इससे पूर्व संजय अहमदाबाद स्थित भौतिक अनुसंधान केन्द्र के अंतरिक्ष विभाग में कनिष्ठ अनुसंधान सहायक थे।

## बु(सिंह सैनी बने राजस्थान प्रदेश प्रभारी

जयपुर। आल इण्डिया सैनी सेवा समाज, दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री श्रीपाल सैनी ने जयपुर के श्री बुद्धसिंह सैनी को राष्ट्रीय कार्यकारिणी में 'राजस्थान प्रदेश प्रभारी' नियुक्त किया हैं आप राजस्थान प्रदेश कार्यकारिणी के कामकाज की देखरेख करेंगे।

श्री बुद्धसिंह सैनी राज्य जीवन बीमा विभाग के उपनिदेशक पद से सेवा निवृत्त हुए हैं। आप सैनी अधिकारी कर्मचारी विकास संस्था के प्रथम अध्यक्ष रहे तथा आपने जयपुर के सैनी अधिकारी कर्मचारियों की 'डाइरेक्टरी' कई बार प्रकाशित करवाई। आप सैनी लहर (पाक्षिक) समाचार पत्र, जयपुर के उप सम्पादक हैं। राष्ट्रीय कार्यकारिणी में पदाधिकारी बनने पर श्री सैनी को हार्दिक बधाई।

## थर्मेक्स लिमिटेड में महम माली का चयन

उदयपुर। देश की नामी अन्तराष्ट्रीय कम्पनी थर्मेक्स लिमिटेड जो कि उर्जा और पर्यावरण के क्षेत्र में वृहद स्तर पर अभियांत्रिकी आधारित प्रोजेक्ट बनाती है, इसका मुख्यालय पूना में है और अन्तराष्ट्रीय स्तर पर इसके 19 कार्यालय है। एशिया पेसिफिक, अफ्रीका, मध्य-पूर्व देशों सहित यूरोप और अमेरिका देशों में इसके मेगा प्रोजेक्ट चल रहे है। महक माली पिता श्री गोपाल लाल माली, निवासी- 55, बापू बाजार, उदयपुर (राज.) को ट्रेनिंग पूर्ण होने पर थर्मेक्स लिमिटेड कम्पनी ने इलेक्ट्रिकल इंजीनियर के पद पर जे.के. व्हाइट सीमेंट वर्क लिमिटेड, गोटन में पदस्थापित किया हैं। बी.टेक. (इलेक्ट्रिकल) के पश्चात लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार के आधार पर चयन किया गया। माली समाज के लिए यह गौरव और हर्ष का विष है। मेवाड़ सम्भाग में इससे खुशी की लहर दौड़ गयी है।

## सुश्री नीलू सैनी बनी सी.ए.

रामगढ़ शेखावाटी (सीकर) निवासी एवं मुम्बई प्रवासी श्री रामसिंह सैनी (मिटावां) की प्रतिभाशाली पुत्री सुश्री नीलू सैनी ने मुम्बई (महाराष्ट्र) से सी ए का कोर्स कर लिया है। श्री रामसिंह सैनी का मुम्बई में यार्न (धागा) बनाने का उद्यो है। रामगढ़ में श्री रामसिंह मिटावां का घर बिलाऊ रोड़ पर रूइया कॉलेज से आगे जी बी रूइया पार्क के सामने है। नीलू सैनी का जम। फरवरी 1990 को हुआ है। नीलू सैनी रामगढ़ भूल की तीसरी सी.ए. युवति है। तीनों ही पुवतियों ने 'दिसावर' रहकर सी.ए. किया है। लक्ष्मणगढ (सीकर) के 2 युवतियों ने भी बाहर रहकर सी.ए किया।

# विभिन्न समाचार

## सुश्री बबीता सैनी, स्कूल व्याख्याता

चूरू के श्री जालुराम सांखला की प्रतिभाशाली पुत्री एवं अशोक सैनी एडवोकेट के छोटी बहिन सुश्री बबीता सैनी राजकीय सेवा में स्कूल व्याख्याता (भूगोल) है। वर्तमान में आज राजकीय उ.मा. बालिका विद्यालय, साहवा-तारानगर जिला चूरू में सेवारत हैं।

## निर्वाचित

फतेहपुर शेखावाटी। श्री पप्पूलाल सैनी ग्राम सेवक को 'फतेहपुर पंचायत समिति ग्राम सेवक संघ' का सर्व सम्मति से अध्यक्ष चुना गया है। श्री पप्पूलाल सैनी आर्यनगर, वार्ड नं. 24 फतेहपुर निवासी श्री बेगराज गौड़ के पुत्र हैं।

## एम.बी.बी.एस बन संजय सैनी

उदयपुरवाटी जिला झुंझुनूं निवासी श्री सीताराम सैनी प्रधानाध्यापक के पुत्र संजय सैनी ने एस एम एस मेडिकल कॉलेज, जयपुर से एम.बी.बी.एस कर ली है। अब वह पी जी के लिए प्रयासरत है।

## रामचन्द्र सैनी बने कोषाध्यक्ष

मावण्डा (नीम का थाना) श्री रामचन्द्र सैनी को श्री कृष्ण गौशाला, मावण्डा कला का कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। यह जानकारी गोशाला के अध्यक्ष उम्मेदसिंह ने दी है।

## प्रतिभाशाली छात्र-छात्रा

1. रोहित सांखला पुत्र भगवती प्रसाद सांखला, 5 सी न्यू गोविन्द नगर, राजगंज, अजमेर ने जी.एन.एम में 84 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हैं। 2. विपुल सांखला पुत्रश्री भगवती प्रसाद सांखला 5 सी न्यू गोविन्द नगर, रामगंज, अजमेर ने बी.एस.सी नर्सिंग (द्वितीय वर्ष) में 76 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हैं। 3. विकास सैनी पुत्र पप्पुलाल सैनी (गौड़) आर्य नगर, वार्ड नं. 24 फतेहपुर को सैकण्डरी स्कूल परीक्षा 2013 में 75.5 अंक प्राप्त हुए हैं।

## नव नियुक्ति

विनोद सांखला पुत्र श्री सत्यनारायण सांखला माली मौहल्ला, कृष्णगंज, अजमेर की नियुक्ति वारंट आफिसर, आर्मी पोस्टता सर्विस पद पर हुई है। विनोद के पिताजी माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर में अध्यक्ष महोदय के निजी सचिव हैं।

## माली सैनी सन्देश
### के नवीन आजीवन सदस्य

श्री जवाराराम परमार, रतनपुरा (जालोर)
श्री रूड़ाराम परमार, सांचौर
श्री जगदीश सोलंकी, सांचौर
श्री कपुरचंद गहलोत, मुंबई
श्री टीकमचन्द प्रभुरामजी परिहार, मथानियां
श्री अरूण गहलोत, गहलोत क्लासेज, जोधपुर
श्री विमलेश नेनारामजी गहलोत, मेड़ता नागौर
श्री कैलाश उंकाररामजी कच्छवाहा, जोधपुर
माली सैनी सेवा संस्थान संस्थान, सब्जी मण्डी पीपाड़

# सावित्रीबा ज्योतिराव  फुले ट्रस्ट दिल्ली के चतुर्थ वार्षिक सम्मेलन में माता सावित्रीबाई एवं महात्मा ज्योतिराव फुले की मूर्ति अनावरण की झलकियां


















माली समाज वेलफेयर सोसायटी के दूसरी बार निर्विरोध अध्यक्ष पद पर
माली समाज के गौरव व समाजसेवी

## रघुभाई माली

के बनने पर माली सैनी सन्देश परिवार की ओर से हार्दिक बधाई

RAJHIN 16445/20/1/2013-TC

# हार्दिक श्रृदांजलि



पत्रिका के संरक्षक श्री रमेशचंद्र कच्छवाहा

की माताश्री

# श्रीमति कमलादेवी कच्छवाहा

## (धर्मपत्नी स्व. मास्टर श्री खींवराज कच्छवाहा)

के आकस्मिक निधन पर हार्दिक श्रृदांजलि

## शोकाकुल : माली सैनी संदेश परिवार

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं संपादक मनीष गहलोत के लिए
मुद्रक यशवंत भण्डारी द्वारा भण्डारी ऑफसेट, न्यू पॉवर हाऊस सेक्टर 7,
जोधपुर से मुद्रित एवं माली सैनी संदेश कार्यालय
सोजती गेट के अंदर, जोधपुर से प्रकाशित।
फोन : 9414475464 ई-मेल : malisainisandesh@gmail.com

पत्र व्यवहार के लिए पता
P.O. Box No. 09, JODHPUR



log on : www.malisainisandesh.com; www.malisaini.org